प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 29.08.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को स्कोप एमिनेंस पुरस्कार–2022–23 प्रदान किए। राष्ट्रपति ने कहा कि केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम स्वतंत्रता के बाद से ही आर्थिक वृद्धि और सामाजिक समावेशन के शक्तिशाली वाहक रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन उद्यमों ने औद्योगिकीकरण, बुनियादी ढांचागत विकास, सामाजिक उत्थान तथा संतुलित क्षेत्रीय विकास की आधारशिला भी रखी।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आज पूर्वी सिंहभूम के घोड़ाबांधा पहुँचे और दिवंगत पूर्व मंत्री रामदास सोरेन के संस्कार भोज में शामिल होकर श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने उनके असामयिक निधन को प्रदेश की अपूरणीय क्षति बताते हुए गहरा शोक व्यक्त किया।

****

रांची के विभिन्न स्कूलों में सांसद कला महोत्सव के तहत आज भी पेंटिंग कार्निवल का आयोजन हुआ। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने एक्स हैंडल में जानकारी दी कि बच्चों ने इसमें ऑपरेशन सिंदूर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सैन्य प्रेम पर अपनी चित्रांकन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

****

झारखण्ड पुलिस ने जुलाई माह में सड़क सुरक्षा, नक्सल विरोधी अभियान, साइबर अपराध और अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज कीं। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत 94 हजार से अधिक लोगों को जागरूक किया गया और यातायात नियम तोड़ने वालों के एक लाख से अधिक मामलों में कार्रवाई हुई। वहीं नक्सल अभियान में 10 हथियार, 35 लाख रुपये लेवी और 18 हजार से अधिक डेटोनेटर बरामद किए गए, 28 नक्सली गिरफ्तार हुए और 5 लाख का ईनामी नक्सली लवलेश गंझू ने आत्मसमर्पण किया। साथ ही साइबर अपराध के मामलों में 38 अपराधी गिरफ्तार हुए, 2 करोड़ 19 लाख रुपये फ्रीज किए गए और 32 लाख रुपये पीड़ितों को वापस कराए गए। विभिन्न जिलों में तस्करी, चोरी, लूट और मानव तस्करी के मामलों का उद्भेदन कर कई अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

****

सिमडेगा जिले में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बेरोजगारों को प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने राजधानी रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, पलामू और गढ़वा में आज और कल भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन इलाकों में कहीं–कहीं आज भी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। मौसम विभाग ने अगले चार दिन राज्य में कहीं–कहीं तेज हवा और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

****

राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने रांची में तीन दिवसीय खेल उत्सव का उद्घाटन किया। यह आयोजन 31 अगस्त तक विभिन्न स्टेडियम और मैदानों में होगा, जिसमें करीब एक हजार एक सौ खिलाड़ी और 40 तकनीकी अधिकारी भाग ले रहे हैं। इस में एथलेटिक्स, हॉकी, फुटबॉल, तीरंदाजी, बैडमिंटन और तैराकी जैसी छह खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

****

पाकुड़ में राष्ट्रीय खेल दिवस पर रानी ज्योतिर्मयी स्टेडियम में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता की शुरुआत हुई, जिसका उदघाटन उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी और जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार ने किया। मौके पर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और प्रतियोगिता की शुरुआत कबड्डी खेल से हुई। उपायुक्त ने बताया कि प्रतियोगिता में बैडमिंटन, फुटबॉल, तीरंदाजी सहित कई खेलों का आयोजन तीन दिनों तक होगा।

****